प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011

टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498

ई–मेल : complain.peb@mp.gov.in वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत

प्राथमिक शिक्षक

पात्रता परीक्षा–2020 का परीक्षा परिणाम

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 05.03.2022 से 26.03.2022

परीक्षा परिणाम तिथि : 08 अगस्त, 2022

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

08/08/2022 08/08/2022 08/08/2022

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–2020 का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा दिनांक 05.03.2022 से 26.03.2022 को मध्यप्रदेश के 14 परीक्षा शहरों में मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत **प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–2020** (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त 791313 मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे, जिसमें से 589150 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।
2. परीक्षा उपरांत बोर्ड द्वारा दिनांक 29.03.2022 को आदर्श उत्तर वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. मुख्य स्ट्रांग रूम शाखा द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी अनुसार यू.एफ.एम. प्रकरण में समिति की अनुशंसा अनुसार 05 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त की गई है।
4. इस परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों का एकजाई (कन्सोलिडेटेड) परीक्षा परिणाम नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार तैयार किया गया है।
5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण नियुक्तिकर्ता विभाग द्वारा किया जायेगा।
6. नियमपुस्तिका अनुसार ''अंतिम उत्तर'' तथा ''परीक्षा परिणाम'' पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर प्रदर्शित किए गए हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल

दिनांक : 08 अगस्त, 2022

08/08/2022

नियंत्रक
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल

08/08/2022

08/08/2022